## खबर संक्षेप

### शासकीय स्कूल की भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में शासकीय विद्यालय कृपालपुर की भूमि पर किये गये अतिक्रमण का हटाया गया। विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमणकारियों ने बाड़ी लगाकर और अस्थायी निर्माण कार्य कराकर अतिक्रमण कर रखा था।जिस पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुये बुधवार को अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये अतिक्रमणकारियों द्वारा विद्यालय की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तहसीलदार सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में की गई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान से मेदनीपुर के स्टॉपडैम का किया जा रहा जीर्णोद्धार

**सतना।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा योजना से तालाब, बावड़ी, स्टाप डैम जैसे जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। तालाबों के गहरीकरण और इनकी पाल को मजबूत करने का भी कार्य किया जा रहा है। साथ ही बारिश के मौसम में तेज जल प्रवाह के कारण ध्वस्त हो चुकी संरचनाओं की मरम्मत भी की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को जनपद सोहावल के मेदनीपुर के स्टॉपडैम की मरम्मत का कार्य शुरु किया गया है। स्टॉपडैम के बेस, गेट एवं आवश्यक निर्माण कार्यों को चिन्हित करते हुये मरम्मतीकरण का कार्य किया गया। इस कार्य में स्थानीयजनों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। इसी प्रकार अभियान की कड़ी में पड़रिया के तालाब की मेड़ बांधने का कार्य किया गया। इसके अलाव ग्राम टेगना में नाली सफाई एवं सोक रिचार्ज पिट की सफाई के लिये स्थानीयजनों द्वारा श्रमदान किया गया।

### 1.66 करोड़ से नालियों को किया जाएगा कव्हर

**कटनी।** जिले की ग्राम पंचायतों में निर्मित खुली नालियॉ होने के कारण वर्षाकाल में मच्छर उत्पन्न होने से डेंगू, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिशिर गेमावत ने समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं सहायक यंत्रियों निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायतों में गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्थाा एवं निर्मित खुली नालियों को कव्हर किया जाये। ग्राम पंचायत क्षेत्र में जिन ग्रामों में खुली नालियॉ बनी है उनके स्थल निरीक्षण कराकर ग्रामो की संख्या कुल लम्बाई कव्हर करने हेतु लागत राशि की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये । 15वॉ वित्त एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्टा्यफंण्ड से प्रक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करें। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटनी द्वारा बताया गया कि, जनपद पंचायत कटनी क्षेत्र अंतर्गत कुल 59 ग्राम पंचायत में कुल 169 ग्राम को शामिल किया गया है जिसकी लम्बाई 23.673 कि.मी. कुल लागत 1.66 करोड बताई गयी इसी प्रकार समस्त. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को सर्वे कराकर प्राक्कलन तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिये जिससे वर्षा के पूर्व खुली नालियो को कव्हर किया जा सके ।

### जिले में उर्वरक की है पर्याप्त उपलब्धता

**कटनी।** खरीफ सीजन से प्रारंभ हो चुका है । कृषि कार्य हेतु जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है। किसानों को उनकी मांग के अनुरूप जिले में रासायनिक उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि जिले के डबल लॉक मे अभी डीएपी 1400 मेट्रिक टन तथा यूरिया 5 हजार मैट्रिक टन उपलब्ध है।

### तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जा रहे थे मजदूर

# मजदूरों को लेकर जा रहा वाहन पलटाः दो मृत, 25 घायल









सतना

तेंदूपत्ता तुड़ाई के लिये मजदूरों को लेकर जा रहा पिकअप वाहन सगमा स्टेशन के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके कारण उस पर सवार दो मजदूरों श्रीमती संगीता कोल 28 वर्ष,श्रीमती सीमा कोल 25 वर्ष निवासी मानिकपुर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि 24 व्यक्ति घायल बताये जाते हैं। इनमें से एक महिला की हालत अत्यन्त गंभीर बनी हुई है। मृतक एवं सभी घायल उ.प्र. के मानिकपुर जिले के निवासी हैं। दुर्घटना की सूचना मिलने पर कोलगवां थाना के टीआई सुदीप सोनी पुलिस बल सहित आनन-फानन में घटना स्थल के लिये रवाना हुये। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार कराने के साथ दोनों मृत महिलाओं के शवों को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल सतना रवाना कर दिया गया। जबकि सभी घायलों को एंबुलेंस एवं अन्य वाहनों की सहायता से सतना लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां इनका उपचार चल रहा है।

### वाहन के सामने मवेशियों को देख लगा दिया ब्रेक

हासिल जानकारी के मुताबिक उक्त मजदूर मानिकपुर से ट्रेन द्वारा सतना पहुंचे थे। यहां से ठेकेदार इनको तेंदूपत्ता तुड़वाने चित्रकूट ले जा रहा था। तभी सगमा स्टेशन से थोड़ा दूर कैमा के पास वाहन के सामने कुछ गाय बैल आ गये,मवेशियों को देखकर ड्राईवर ने वाहन में एकाएक ब्रेक लगा दिया। जिसके कारण संतुलन बिगड़ गया और पलक झपकते ही वाहन पलट गया। दुर्घटना घटने के बाद पूरे क्षेत्र में रोने-चीखने की आवाजें गूजने लगी,जिसे सुनकर आसपास बसे कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की सूचना सतना के कोलगवां थाना तथा 100 डायल को दी। जिस पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू की कार्यवाही शुरू की। ग्रामीणों के सहयोग से वाहन में फंसे घायलों को निकालकर बड़ी मुश्किल से रात में ही जिला अस्पताल भिजवाया गया।

### दो-तीन लोगों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दुर्घटना में घायल 24 में से वैसे तो तीन-चार लोगों को ज्यादा चोट आई है। किन्तु एक महिला की हालत ज्यादा चिंतनीय है,उसके सिर,सीने,कमर,हाथ-पैर में काफी चोटें हैं। इस दुर्घटना में कई लोगों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हो गया है।

## रेलवे स्टेशन में गैंगरेप के एक आरोपी को जीआरपी ने किया गिरफ्तार



**सतना।** रेलवे स्टेशन से लाई जाई गई नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की से घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों में एक को सतना जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों की तलाश अब भी जारी है। जीआरपी सूत्रों के मुताबिक,पिछले दिनों हुई नाबालिग के साथ सामूहिक रेप की सनसनी खेज वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी रोहन गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका ऑटो रिक्शा भी जब्त किया गया है। जीआरपी ने बुधवार को आरोपी का मेडिकल कराया और उसे अदालत में पेश कर दिया। इस मामले में दो आरोपियों की तलाश अभी जारी है। हालांकि सन्देह के आधार पर एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। जीआरपी सूत्रों ने बताया कि कल्याण से लौट कर सतना स्टेशन पहुंची सीधी निवासी 16 वर्षीया नाबालिग सतना रेलवे स्टेशन में सबसे पहले रोहन गुप्ता के ही संपर्क में आई थी। सीधी जाने के लिए किराये के पैसों का प्रबंध करने की बात पर बरगला कर रोहन ही उसे अपने साथ ऑटो में लेकर गया था। वह उसे पतेरी और फिर वहां से मैहर ले गया जहां उसने नाबालिग के साथ रेप किया। उसके वापस छोड़ने के बाद दो अन्य युवक नाबालिग को बाइक से अपने साथ ले गए और दुष्कर्म करने के बाद उसे जैतवारा थाना क्षेत्र के एक गांव में छोड़ आये। जहां ग्रामीणों की नजर पड़ने पर उन्होंने पुलिस को इत्तिला की। जैतवारा पुलिस नाबालिग को थाना ले गई और फिर जीरो पर अपराध कायम कर डायरी आगे भेज दी है।

# नागौद में सिंगपुर चौराहे से हटाया गया अतिक्रमण





सतना

**नागौद में बुधवार को प्रशासन,पुलिस एवं नगर पंचायत के अधिकारियों की टीम ने सिंहपुर चौराहे के निकट के लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक अतिक्रमण हटवाये।**

### कल दी थी कार्यवाही की चेतावनी

प्रशासन की ओर से नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ एसडीओपी विदिता डागर द्वारा गत दिवस सड़क की पटरियों पर गोमती,ठेले रखकर दुकानदारी करने वाले अतिक्रमणकारी दुकानदारों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गयी थी। इन दुकानदारों को सुबह 8 बजे तक सड़क पर से अवैध कब्जा हटाने मोहलत दी गयी थी। इसके बावजूद जब अतिक्रमणकर्ताओं ने अपने गोमती,ठेले बगैरह नहीं हटाये तो सुबह 9 बजे नायब तहसीलदार यादवेन्द्रमणि त्रिपाठी,नगर पंचायत के इंजीनियर,जेसीबी से लैस अतिक्रमण दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे। इनके साथ एसडीओपी नागौद विदिता डागर,टीआई अशोक पाण्डेय,कांग्रेस लीगल सेल के जिलाध्यक्ष मुख्तार अहमद सिद्धीकी एडवोकेट भी मौजूद थे।

### अफरा-तफरी का माहौल बना

नगर पंचायत के अमले के साथ तहसीलदार एवं पुलिस फोर्स को देखकर फुटपाथी दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गयी। प्रशासन द्वारा इनको अतिक्रमण हटाने के लिये आज भी करीबन एक घंटा से अधिक समय दिया गया। इसके बावजूद जिन लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया, प्रशासन और पुलिस की टीम ने उनके गोमती,ठेले,टपरे जब्त कर लिये। यह कार्यवाही 9 बजे से 11 बजे तक चली। नगर पंचायत के अधिकारी इन टपरों को वाहन में लोड कराकर नगर पंचायत ले गये। जहां से इन गोमती-ठेलों को जुर्माना के बाद छोड़ा जायेगा। ज्ञातव्य है कि एनएच-75 सिंहपुर चौराहे पर अतिक्रमण होने के कारण यहां कई दुर्घटनायें हो चुकी है,जिनमें दो-तीन व्यक्ति अपनी जान गवां चुके हैं। प्रशासन द्वारा इस जानलेवा स्थल को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गयी।

### तीन तरफ से सड़क हुई खाली

हासिल जानकारी के मुताबिक आज की कार्यवाही से नागौद कस्बे के सतना रोड,पन्ना रोड एवं बांदा रोड की ओर के सभी अतिक्रमण हट गये हैं। जिससे आवागमन सुगम एवं सुरक्षित हो सकेगा। नगर पंचायत द्वारा फुटपाथी दुकानदारों से आग्रह किया गया है कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग एवं प्रदेश के राजमार्ग पर अतिक्रमण करके दुकानदारी न करें। आवागमन बाधित किये जाने पर संबंधित जनों के खिलाफ जुर्माना एवं सामान जब्त की कार्यवाही की गई।

## सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की संख्या नहीं बढ़ने दें, निराकरण पर करें फोकस कलेक्टर मैहर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक संपन्न

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा सहित आगामी दिवसों में आयोजित होने वाले शासकीय कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागों में सीएमहेल्पलाईन की लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। शिकायतों की संख्या में वृद्दि नहीं होने दें,निराकरण की गति बढ़ायें। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपने विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,एसडीएम अमरपाटन आरती यादव,एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह,डीपीओ सौरभ सिंह एवं सभी विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर रानी बाटड ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग लंबित शिकायतो का दुगनी रफ्तार से निराकरण करें। शिकायतों को शिकायतकर्ता की सहमति से बंद कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर बाटड ने कहा कि जिले की उचित मूल्य की जिन दुकानों में सूचना पटल नहीं लगाया गया है। उन दुकानों में सूचना पटल लगवायें। जिसमें दुकान खुलने का दिन,



समय,समिति का नाम,मोबाइल नंबर,सरपंच,सचिव,आशा,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पटवारी का नाम मोबाइल नंबर अवश्य रूप से अंकित रहना चाहिए। इसी तरह सभी शासकीय विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्रों के बाहर सूचना पटल लगा होना चाहिए। जिसमे भोजन का मेन्यू,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का नाम और मोबाइल नंबर अंकित होना आवश्यक है। कलेक्टर ने ने कहा कि जिले के जल स्त्रोतों नदी, तालाब,कुएं,बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिए 5 से 16 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के दौरान जल स्त्रोतों के आसपास से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायें। जिले में अभियान के दौरान जल स्त्रोतों के संरक्षण,जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्यक्रम की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। बैठक में मैहर जिले के तीनों ब्लाक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे तालाब,पोखर,बावड़ियों और कुएं की साफ सफाई और जीर्णोद्धार के कार्यों समीक्षा की गई। साथ ही 21 जून को पौधारोपण करने के लिए सभी विभागो को निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा की प्रत्येक ब्लाक में पौधारोपण किया जाना है। जिसमे नगरीय निकाय को 25 हजार और ग्रामीण निकाय को 1 लाख पौधारोपण करना है। जिसके लिए जगह का चयन और पौधों की प्रजाति का निर्धारण पूर्व से कर लें। उन्होने मुख्यतः शासकीय विद्यालय,भवन,शासकीय कार्यालय में पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि नर्सरी में पौधे की बुकिंग कर उपलब्धता सुनिश्चित कर लें और पौधरोपण की कार्ययोजना का निर्धारण बरसात के पहले कर लें। कलेक्टर ने कहा कि तालाब के गहरीकरण से निकलने वाली मिट्टी किसानों को खेतो में उपयोग करने के लिए जरूरत अनुसार दी जाये। 21 जून को प्रातः 6 बजे से योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में तीनो ब्लाक के सभी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

## बिजली समेत अन्य समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने मेयर को सौंपा ज्ञापन

**सतना।** रीवा रोड के व्यापारियों ने बुधवार को विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु महापौर योगेश ताम्रकार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रीवा रोड एसोसियेशन सीएमए मार्केट के व्यवसायियों द्वारा कहा गया है कि गत वर्ष स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जो कार्य यहां प्रारंभ किये गये थे,सभी आधे अधूरे पड़े हुये हैं,जो कार्य कराये भी गये,उनसे अन्य समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। जैसे अंडर ग्राउण्ड केबलिंग के बाद से पूरे रीवा रोड में बिजली की समस्या उत्पन्न हो गयी है। वी-वीनस से लेकर एचडीएफसी बैंक तक बार-बार लाइन ट्रिप होने की समस्या व्यवसायियों की परेशानी का कारण बनी हुई है। एसोसियेशन के अध्यक्ष अशोक सुखरा मानी,मंत्री प्रदीप अरोरा,उपाध्यक्ष रवि बसंताणी ने बताया कि वर्ष 2023-24 में सर्किट हाउस चौराहे से से लेकर सिन्धू स्कूल तक शहर सौन्दर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया था। इसके साथ ही अंडरग्राउण्ड केबलिंग का कार्य भी किया जाना था। तत्पश्चात ट्रांसफार्मर एवं खंभों को हटाया जाना था। श्री बसंताणी ने बताया कि बार-बार लाइन ट्रिप होने की शिकायत किये जाने पर ठेकेदार एमपीएसईबी पर दोष मढ़ते हैं। जबकि विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी किसी भी तरह की कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं। स्मार्ट सिटी से भी कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। तीन एजेन्सियों के बीच व्यापारी पिस रहा है। गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। व्यापारियों को इससे बहुत बडा नुकसान हो रहा है। ट्रांसफार्मर एवं खंभे हटाने का काम अभी अधूरा है। रीवा रोड में ही सबेरा होटल से लेकर भरहुत नगर मोड़ तक पाथवे का निर्माण कार्य शुरू किया गया था,किन्तु आज तक यह पूरा नहीं हुआ। अधूरा काम छोड़ दिया गया है। ठेकेदार द्वारा वर्षा के पानी की निकासी के लिये कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। व्यापारियों ने कई बार ठेकेदार एवं संबंधित लोगों को इस संबंध में तरीका बताया,किन्तु ऐसा लगता है कि न कोई प्लानिंग है और न ही किसी की जवाबदारी। सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

## लोकसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी 30 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें व्यय लेखा

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 78 के अनुसार चुनाव परिणाम की घोषणा हो जाने के उपरांत 30 दिवस के अंदर निर्वाचन व्यय लेखा के बिल,व्हाउचर की मूल प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय का उपलब्ध करानी होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 9 सतना से चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को 4 जुलाई को शाम 5 बजे तक व्यय लेखा की मूल प्रति,जारी समस्त अनुमतियां,शपथ पत्र,अपडेटेड बैंक पासबुक,स्टेटमेंट की फोटोकॉपी की हस्ताक्षरित प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय सतना को उपलब्ध कराने के लिये कहा है। इस संबंध में अंतिम तारीख के पहले 27 जून को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अभ्यर्थियों,उनके लेखा अभिकर्ताओं एवं व्यय लेखा प्राप्त करने में संलग्न कार्मिकों की प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई है। इसी प्रकार 30 जून को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लेखा समाधान की बैठक आयोजित की गई है। संबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने की अपेक्षा की गई है।

## विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स संस्था के संयोजित सदस्य बनाए गए धर्मेंद्र



**सतना।** व्यापारिक संस्था विंध्य चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक में संयोजित सदस्यों को लेकर चर्चा की गई। जिसमें युवा व्यापारी धर्मेंद्र गोयल को विंध्य चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज का संयोजित सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर जय स्तंभ चौक व्यापारी संघ ने प्रसन्नता व्यक्ति है। इसी प्रकार चेंबर केअध्यक्ष सतीश सुखेजा,महामंत्री संदीप जैन,आनंद अग्रवाल,राकेश अग्रवाल,पीडी अग्रवाल,केजी शर्मा,आशु तिवारी,नितिन सफडिया,आशीष गोयल,आशीष मोंगिया और मोहित सक्सेना ने बधाई दी है।

### महतैन तालाब का किया जा रहा जीर्णोद्धार

**सतना।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के सभी परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल संरक्षण के कार्य कराये जा रहे हैं। अभियान की कड़ी में नागौद जनपद अंतर्गत महतैन तालाब का वर्षा पूर्व जीर्णोद्धार किया जा रहा है। बुधवार को अभियान की गतिविधियां संचालित कर तालाब संरक्षण के लिये चारो तरफ पिचिंग का कार्य किया गया। पंचायत के कर्मचारियों द्वारा स्थानीय प्रतिनिधियों तथा आमजनों को अभियान से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया गया। साथ जल संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई।

खबर संक्षेप

### सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी पद के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 2 से 7 जुलाई तक

**पन्ना।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 25 मई से 20 जून 2023 तक आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च, 2024 को घोषित किया गया है। सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों हेतु सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा जिसमें शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा, जेल विभाग स्वयं लेगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम, भोपाल में 02 से 07 जुलाई, 2024 तक आयोजित किया जाएगा, जिसका विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सफल अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट हेतु उपस्थित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सहायक जेल अधीक्षक के 33 पद एवं जेल प्रहरी के 200 पदों हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा क्रमशः 414 एवं 2264 अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण हेतु पात्र पाया गया है, जिनका द्वितीय चरण में शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट लिया जाना है। शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट में योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों में से मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल अंतिम चयन सूची जारी करेगा, जिन्हें जेल विभाग द्वारा प्रहरी के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

### हिंदी साहित्य सम्मेलन की हुई बैठक

**दमोह।** मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई दमोह की बैठक एमआईसीएस परिसर में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रादेशिक सर्वोच्च सम्मान अलंकरण से पुरस्कृत किये जाने वाले नगर के गौरव कविमना सत्यमोहन वर्मा का सभी सदस्यों द्वारा गौरवान्वित होकर पुष्पहारो से स्वागत अभिनंदन किया गया। तदुपरांत इकाई की नवीन कार्यकारिणी व पुर्नगठन की विधिवत प्रक्रिया सम्पन्न की गई। समस्त सदस्यों की एकमतेन सहमति उपरांत सदस्यो को निम्नानुसार पदो का दायित्व दिया गया। सत्यमोहन वर्मा वरिष्ठ संरक्षक, डॉ. शीला लाल संरक्षक, पं.रमेश तिवारी अध्यक्ष, प्रोफे, अनिल जैन व संजय चौरसिया उपाध्यक्ष, मानव बजाज सचिव मनोनित किये गये। कार्यक्रम में पीसी शर्मा, नरेषी उपाध्याय, राजेश शर्मा, इंद्रजीत सिंह अरोरा, मधुलता पाराशर, यादवेंद्र सिंह तथा परसोत्तम रजक आदि सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति रहीं।

### गैसाबाद बस स्टैंड पर नहीं बन पा रहा मूत्रालय

**हरिभूमि न्यूज:गेसाबाद।** सुलभ शौचालय तो बहुत दूर की बात है ग्राम में यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों की सुविधा के लिए बस स्टैंड पर एक छोटे से मूत्रालय तक का निर्माण नहीं हो पाना गांव विकास के खोखले वादों को उजागर कर रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार गैसवाद बस स्टैंड से रोजाना दर्जनों बसें निकलती हैं एवं बस स्टैंड पर लगभग 50 दुकाने होगी, बसो के यात्रियों एवं स्थानीय दुकानदारों के उपयोग के लिए बस स्टैंड पर एक मूत्रालय तक नहीं है जिससे लोगों को भारी असुविधा हो रही है। बाहर से आने वाले यात्रियों को यदि बाथरूम जाना पड़ता है तो उसके लिए उन्हें जगह नहीं है। स्थानीय दुकानदारों को भी यदि बाथरूम जाना होता है तो या तो उन्हें अपनी दुकान छोड़कर घर जाना पड़ता है या फिर दुकान से दूर इधर-उधर भटकना होता है। पुरुष तो फिर भी जैसे तैसे इधर-उधर जाकर बाथरूम हो लेते हैं लेकिन महिलाओं को बहुत असुविधा होती है। एक और जहां सरकार द्वारा बस स्टैंड पर लाखों रुपया खर्च करके सुलभ शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। वही ग्राम गैसावाद बस स्टैंड पर एक मूत्रालय तक की व्यवस्था नहीं होना सबका साथ सबके विकास की पोल खोलता हुआ दिख रहा है।

## होगा सुधार व जीर्णोद्धार या फिर राशि के होंगे वारे न्यारे, कार्य एजेन्सियों का होगा विकास

# प्राचीन जल संरचनाओं के सुधार व जीर्णोद्धार को लेकर दिशा हो रही तय

**पन्ना।** आखिर स्टेट के जिले में जल संरचनाओं को लेकर स्टेट समय में जो कुंआ बावली तथा तालाब बनाये गये थे उन्हें बचाये रखना भी आज तक आसफल हालात को लेकर जाना जा रहा है, ऐ बार फिर प्राचीन जल संरचनाओं के सुधार व जीर्णोद्धार को लेकर जल गंगा अभियान जल संरचनाओं को संवारने की मुहिम शुरू है देखना यह है कि जल संरचनाओं का होगा सुधार व जीर्णोद्धार या फिर कार्य एजेन्सियों को होगा विकास यह तो मानीटरिंग करने वाले जिम्मेदारों के कर्तव्यों पर निर्भर

विकास की दिशा एक बार फिर प्राचीन जल संरचनाओं के विकास को लेकर समय आ गया जहां म.प्र. सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव की सोच के चलते जल गंगा अभियान व जल संर्वधन को लेकर जिले में विकास को लेकर मुहिम चलाई जा रही है जिसमें तालाब, कुंआ, बावडी के दिन फिर बदले आज प्राचीन समय में स्टेट के जिले में जिस तरह से जल की आपूर्ति व व्यवस्था को भावी समय को ध्यान में रखकर बनाया गया था उसकी ओर फिर सरकार का ध्यान गया है। तभी तो प्राचीन समय की धरोहर कहें या कि उन जल संरचनाओं की ओर एक बारद फिर जीर्णोद्धार व सुधार को लेकर हालात तय हुये है। यह अलग बात है कि इन प्राचीन तालाबों व बावडियों तथा कुंओं को हम सहेज नहीं पाये यह असफलता साबित करती है पर विकास की बदलाव का समय जो हर घर नल से जल पहुंचाने के लिये एक तरफ जल निगम, पीएचई विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग पंचायतों में भी जल आपूर्ति को लेकर प्रयास लंबे समय से जारी था जिसके लिये बजट का प्रावधान भी प्रतिवर्ष होता रहा पर हालात जल को लेकर आज भी



जरूरत बनी हुई है सबसे बड़ी समस्या के रूप में पानी की जरूरत है। सबसे बड़े मजे की बात तो यह है कि यह सुध तब आई जब आज पानी की कमी याद सता रही है। खैर सोच म.प्र. सरकार के मुखिया की कहां ले जायेगी यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा पर जिस तरह से स्टेट समय में अमूल धरोहरों के रूप में जो जल संरचनाओं का निर्माण हुआ था जिन्हें बनाये रखने के लिये एक बड़ी जरूरत थी ऐसे स्टेट समय के तालाबों तथा कुंओं व बावडियों को अब हम पुनः जागे है उनको संवारने को लेकर जिले में एक साथ समूचे जिले में विकास की दिशा जल गंगा अभियान जल संर्वधन के तहत कार्यों को स्वीकृत करते हुये करने की मुहिम चल रही है। अब यहां वास्तविकता में यह भी गौर करना होगा कि कार्य एजेन्सी इन स्वीकृत निर्माण कार्यों की राशि का सदउपयोग कैसे करेंगी वास्तविकता में यह राशि जो जीर्णोद्धार सुधार कार्य को लेकर आई है इसमें कहीं जल संरचनाओं का विकास सपना ही न रह जाये बल्कि कार्य एजेन्सियों को विकास साकार हो जाये जरूरत है मानीटरिंग करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के कर्तव्य निर्वाहन पर नजर रखने के लिये स्वयं जिले के मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संघ प्रिय जो स्वयं इन स्वीकृत कार्यों के अनुसार मूल्यांकन करने वालों पर जिम्मेदारी से विकास को लेकर सजग करें। वैसे भी वक्त इस समय जहां 15 जून से बारिस का समय आ जाता है फिर इन परिस्थियों में जल संरचनाओं में कार्य करना कैसे संभव होगा। जो सबसे बड़ा सवाल है पर एक बार कार्य आरंभ होने के बाद कितना कार्य हुआ आगे कितनी जरूरत को लेकर मानीटरिंग में ध्यान दिया जाये ताकि वास्तविकता में जो समय आया है प्राचीन धरोहरों को बचाये रखने के लिये वह जाना जाये हमारी प्राचीन संस्कृति व सभ्यता तथा भविष्य की जरूरत को ध्यान में रखकर जिस तरह से जल संरचनाओं का निर्माण किया गया था उनको सहेजना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है जो आज निभाने का समय आया पर यहां कर्तव्य निष्ठा के साथ इन संरचनाओं को संवारते हुये कितना सुधार व जीर्णोद्धार किया जायेगा यह जाना जायेगा या फिर एक बार फिर जल गंगा संर्वधन के नाम पर यहां कार्य एजेन्सियों का विकास हो सकता है। जिस पर रखनी होगी पैनी नजर तभी जिले में प्राचीन जल संरचनाओं व धरोहरों को संवारने का कार्य संभव हो सकेगा।

# सोशल मीडिया में शिकायतकर्ता ने पीएम आवास की खोली पोल

**पन्ना।** पवई जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरियादौन में शिकायतकर्ता सूरज चौधरी ने लगाया दौड़ाकर मारने का आरोप शिकायत कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक तक पहुंची चर्चा का विषय मामला आखिर यह कैसी कार्य प्रणाली पंचायतों में आज भी गुंडाराज कायम जहां शिकायत या भृष्टाचार को लेकर अगर कोई व्यक्ति मुखुर होता है तो उसे दबाने के लिये दौड़ाकर मारने के हालात यह आरोप शिकायतकर्ता पवई जनपद पंचायत अंतर्गत पिपरियादौन पंचायत के फरियादी सूरज चौधरी ने 22 मई 2024 की घटना की शिकायत कलेक्टर पन्ना व पुलिस अधीक्षक के यहां शिकायती आवेदन देकर अपनी व्यथा बताई है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि यहां शासकीय सेवा में पंचायत कर्मियों पर जो आरोप दौड़ा-दौड़ाकर मारने का लगाया गया है जो शोसल मीडिया में वायरल वीडियो हुई चर्चा का विषय है क्या यह ग्राम स्वराज की परिकल्पना है या कि आज हमारे



जिले में कानून को हांथ में लेने के हालात जब शासकीय कर्मचारियों के हौसले इतने बुलंद हों तो फिर फरियादी जिस तरीके से कोई भृष्टाचार के खिलाफ अगर आवाज उठाता है तो इस तरह से उसे दबाने का प्रयास किया जाता है। यह कार्य प्रणाली स्टेट समय के जिले में आज इस तरह के हालात शिकायत में जो सामने आये है क्या इसकी गहरी पड़ताल की जायेगी ताकि सत्यता सामने आये भृष्टाचार का आरोप पवई जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पिपरियादौन में पीएम आवास को लेकर लगाये गये है। जहां बड़े-बड़े लोगों को लाभ प्रदान किया वहीं पात्र हितग्राही अपनी आवाज उठाने पर उसे मारा जाता है आरोप पंचायतकर्मियों पर है देखना यह है कि कानून के रक्षक या पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के जिम्मेदार इसे पड़ताल में क्या पाते है यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा। जिसद तरह से यह शिकायती आवेदन जिला मुख्यालय में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा जो जमीनी पोल कानून के हालात की खोल रहा है आखिर पंचायतों में किस तरह के हालात कायम है यह तो जिम्मेदार ही जानें।

### तारण तरण जैन समाज के लिए श्रुत पंचमी अमृत पर्व - भूपेंद्र जैन

**दमोह।** श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ निसई जी सूखा में श्रुत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। बाल ब्रह्मचारणी किरण दीदी,पंडित रूप चंद पंडित उदय चंद के मंगल सानिध्य में सर्वप्रथम प्रातः संगीत मय मंदिर विधि पथरिया भजन मंडल के सहयोग से की गई ,जिसमे 24 तीर्थंकर भगवानों की स्तुति की गई। प्रचार मंत्री कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र जैन ने श्रुत पंचमी के महत्व को बताते हुए कहा की यह पर्व संपूर्ण तारण तरण जैन समाज के लिए अमृत के समान है। इसी दिन तीर्थंकर भगवान की वाणी को षटखंडागम ग्रंथ के रूप में लिपिबद्ध किया गया। तारण तरण जैन समाज जिनेन्द्र देव की वाणी श्री जिनवाणी जी को चैत्यालय की बेदी जी पर प्रमुखता से विराजमान करती है। इसलिए आज का दिन महान सौभाग्य का दिन है। तीर्थ के मंत्री के सी जैन सहित आशीष तारण शरद जैन संगीत तारण वीरेंद्र जैन सेठ रमेश जैन पवन तारण सेठ प्रकाश जैन ,राजेश जैन , राहुल जैन ,विवेक जैन , डा सतेंद्र जैन, भोलू जैनआदि की उपस्तीति रही ,

### शासकीय सेवा में शिक्षक का दायित्व छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण के साथ प्रकृति व पर्यावरण के सुधार को लेकर कर रहे कार्य जो महान दिशा को लेकर जाने जाते हैं

**पन्ना।** जिले में शिक्षक की भूमिका हमारे राष्ट्र निर्माता के रूप में शायद तभी मानी जाती है जब विषम परिस्थितियों में भी हमारे शिक्षक शिक्षा क्षेत्र हो या कि प्रकृति तथा पर्यावरण को संवारने का संकल्प के साथ जो परीक्षा में परिणाम के रूप में साबित करते है चाहे छात्र-छात्राओं का भविष्य हो जिनके संस्कार व शिक्षा के साथ-साथ वहीं प्रकृति व पर्यावरण को बचाये रखने के साथ-साथ भविष्य का निर्माण करने को लेकर जाना जाता है, उदाहरण के तौर पर कई ऐसे शिक्षक महान कार्य कर रहे है जिन्हें जिले में उनकी साधारण कार्यप्रणाली से ही उनके व्यक्तित्व को परखना आसान नहीं होता। आज भी कई शिक्षक हमारे प्रेरणा श्रोत है जैसे कि प्रकृति व पर्यावरण को लेकर शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ एक छोटे से गांव असौनी में बाबूलाल चौधरी जो एक शिक्षक है जिनकी सोच पर्यावरण के प्रति उदाहरण है। जिले में शिक्षा विभाग में शासकीय सेवा शिक्षक के कर्तव्यों के रूप में इस समय विषम परिस्थितियों को लेकर छिपी नहीं है जहां निजी विद्यालयों में संसाधन बेहतरी को लेकर सब जानते है वहां शिक्षा प्रदान करने को लेकर निजी तौर पर विद्यालय के शिक्षकों व प्रबंधकों की स्वतंत्रता जानी जाती है। हमारे शासकीय विद्यालयों में शिक्षक को पढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा विभाग के समय-समय पर शिक्षा को लेकर प्रयोग स्वयं प्रशिक्षण लेना परीक्षा देना इतना ही नहीं अन्य विभागों के कार्यों को करना पढाने के लिये कितना समय दिया जाता है इन्हें यह तो जिम्मेदार ही जानते है इसके साथ-साथ इनसे परीक्षा परिणामों में इनकी जिम्मेदारी भी निहित की जाती है वहीं परीक्षा परिणाम अगर संतोषजनक नहीं आता तो कार्यवाही का शिकार होते है साथ ही शासकीय विद्यालयों में कैसे छात्र-छात्रायें यहां शिक्षा ग्रहण करते है क्या इस पर नजर डाली जाती है नहीं क्योंकि इसका तो कभी ख्याल ही नहीं रखा जाता। जो मजबूरी व गरीबी के हालात को लेकर जिंदगी जी रहे है ऐसे छात्र-छात्रायें शासकीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त





करते है इनमें कितने छात्र-छात्रायें पढने के लिये आते है या उनके पालक की मजबूरी के चलते परिवार का सहारा बनकर उनके साथ दायित्व निभाते है। फिर भी इन विषम परिस्थितियों में भी शासकीय शिक्षक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ प्रकृति व पर्यावरण को लेकर भी दायित्व निभाते है। शिक्षक राष्ट्र का निर्माता तभी तो कहा जाता है जब हमारे भविष्य को संवारने के साथ-साथ हमारे जीवन को बचाये रखने को लेकर सोचते है ऐसे महान शिक्षक जो शासकीय सेवा में विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण को लेकर कार्य करते है। उदाहरण के लिये बाबूलाल चौधरी जो शिक्षक है ग्राम असौनी जनपद गुनौर वर्तमान में हाई स्कूल चौकी पटना संकुल अंतर्गत आता है जहां शिक्षा प्रदान करते है इनकी सोच व संस्कार अपने पिता सुकुरू वैद्य के रूप में जो जाने जाते थे जिनसे प्रेरणा मिली आज जो मिशाल है शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति व पर्यावरण को लेकर आपका मानना है कि प्रदूषित वातावरण से निजात पाने को लेकर पौधे लगाकर वृक्ष के रूप में जब हालात तय होंगे तभी बेहतर वातावरण जाना जायेगा। यहां शिक्षा के भविष्य के निर्माता के साथ-साथ प्रकृति को सहेजने व संवारने व प्रदूषित वातावरण से मुक्ति दिलाने का कार्य जो संकल्प के साथ किया जा रहा है आपके द्वारा वह प्रेरणादायी है जो शासकीय सेवा में शिक्षक के दायित्व के साथ-साथ आज बाबूलाल चौधरी निभा रहे है ऐसे कई शिक्षक शिक्षा विभाग में दायित्व निभा रहे है जिन तक हमारी पहुंच अभी भी शेष है, जो हमारे मार्गदर्शक व भविष्य को संवारने में लगे है।

# लूट की वारदात में फरियादी ही निकला मास्टर माइंड, पुलिस ने किया खुलासा

**पन्ना।** फरियादी ने वसूली में ग्राहको से मिले पैसे को स्वयं की मोटरसाइकिल में छिपाकर रची थी काल्पनिक घटना, पुलिस ने पैसा एवं उपयोग किया गया बैग किया जप्त दिनांक 31.05.24 को फरियादी अंकुर सिंह परिहार द्वारा अपने ब्रान्च मैनेजर एवं अन्य साथियों के साथ थाना सलेहा में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 30.05.2024 को रात करीब 08.00 बजे मैं मोटर साईकिल से सलेहा से जसो जा रहा था। रास्ते में गंज ग्राम के आगे बगीचे जसो आम रोड पर तीन व्यक्ति पीछे से मोटर साईकिल से आयें। जिनके द्वारा मुझे रोककर जान से मारने की धमकी देते हुये मेरे बैग में रखे नगद 40000/रू, बैग में रखा एक फोन, चार्जर और ब्ब्ज ठव्व्ज छीनकर ले गये। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 167/24 धारा 392 भादवि कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सलेहा उनि सरिता तिवारी द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में घटना के आरोपियों के संबंध में जानकारी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सलेहा उनि सरिता तिवारी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा विवेचना दौरान घटना स्थल एवं घटना का बारीकी से अध्ययन किया गया तथा साक्षियों से पूंछतांछ की गई। मामले में पुलिस टीम द्वारा घटना




स्थल के आसपास रहने वाले लोगो से पूँछताछ की गई। जिनके द्वारा बताया गया कि ऐसी कोई भी घटना हमारी जानकारी में घटित नही हुई है। पुलिस टीम द्वारा फ़रियादी से भी घटना के संबंध में बारीकी से जानकारी ली गई। मामला संदेहास्पद लगने पर पुलिस टीम द्वारा फरियादी से घटना के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर फरियादी द्वारा वताया गया कि किश्त वसूली मे पैसा कम होने से मैनें अपनें ही मन में काल्पनिक घटना रचित करके ग्राहको का पैसा बैग से निकालकर अपनी मोटर साईकिल की सीट के नीचे रख लिया और बैग मे रखे दस्तावेज बैग सहित पेट्रोल पम्प के आगे कटन रोड में बछवारा पुल के नीचे फेंक दिया था। इसके बाद थाना में लूट की झूठी रिपोर्ट की थी। पुलिस टीम द्वारा मामले में फरियादी के बताये अनुसार पुल के नीचे पेट्रोल पम्प के आगे बछरवारा से बैंक व ग्राहको के दस्तावेज सहित फरियादी द्वारा उपयोग किया गया बैग एवं फरियादी की मोटर साईकिल में सीट के नीचे से 20970/रू जप्त किया गया। मामले में फरियादी के द्वारा की गई रिपोर्ट झूठी एवं स्वयं द्वारा रचित पाये जाने पर फरियादी के विरूध्द पृथक से इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जाता है।

**सराहनीय योगदान** - उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि सरिता तिवारी, प्र.आर. भूपेन्द्र त्रिपाठी, प्र.आर. मनोज त्रिपाठी, प्र.आर. रावेन्द्र पांण्डेय, आर. सत्तीष श्रीवास, आर दीपक सोनंकिया, आर. अमित बागरी एवं आर. मृगेन्द्र तिवारी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही की प्रशंसा की गई है।

### जमीन विक्रय का अनुबंध कर अग्रिम राशि हड़पने वाले जालसाज के खिलाफ 420 का मामला दर्ज

**पन्ना।** शहर में जमीन विक्रय के नाम पर लोगों की राशि हड़पने का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है जिसमें पन्ना के किशोरगंज निवासी दिलीप सिंह यादव पिता रूद्र सिंह यादव निवासी किशोरगंज पन्ना के खिलाफ पन्ना कोतवाली में 420 का प्रकरण दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार पन्ना शहर के सतना बेरियल के पास स्थित आरजी क्रमांक 3293/1 का अंश भाग 2 एकड़ एवं कास्टागार के पास आराजी खसरा क्रमांक 3299 का एक एकड़ जमीन क्रमशः 45 लाख एवं 31लाख 75हजार में विक्रय का अनुबंध 5 मई 2015 को किया था जिसकी आग्रह राशि 1लाख 11, हजार चेक के माध्यम से लिली और अपने खाते में जमा कर निकाल ली, जब रजिस्ट्री करने के लिए कहा गया तो जमीन में पारिवारिक विवाद और न्यायालय से स्थगन एवं बटवारा ना होने का बहाना लेकर टालमटोल करता रहा और



अनुबंध की अग्रिम राशि भी वापस नहीं की जिससे परेशान होकर फरियादी शिवकुमार त्रिपाठी ने परेशान होकर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है पन्ना कोतवाली में अपराध क्रमांक 627/24 के तहत धारा 420 का आरोपी दिलीप यादव के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। फरियादी ने बताया कि मैंने और मेरे मित्र ने तीन एकड़ जमीन खरीदने का अनुबंध किया था पर दिलीप यादव पैसा हड़पने की नियत से लगातार बहाने बाजी कर रहा और जमीन विक्रय करने से मना कर रहा है ऐसे जाल साज की खिलाफ कठोर कार्यवाही होनी चाहिए, जानकारी प्राप्त हुई है कि इसी खसरा क्रमांक की दो एकड़ आराजी अधिवक्ता राम भगत पटेल को भी विक्रय करने का अनुबंध कर 10 लाख से अधिक राशि प्राप्त कर ली है और उन्हें भी जमीन रजिस्ट्री नहीं कराई है जिसका न्यायालय में परिवाद चल रहा है इस तरह कई लोगों के पैसे हड़प लिए है।

### सामुदायिक प्रबंधन से ही रून्ज की धार टूटने से बच सकती है

**पन्ना।** रून्ज नदी को समझना कठिन लग रहा है लेकिन ग्रमीणो के साथ सतत रूप से बात करते हुए आरामगंज विश्रामगंज होते हुए ग्राम नन्दनपुर ककरहा तक के लोगो से चर्चा हुई ,नदी में प्रत्येक गांव से सहायक नाले मिलते जो नदी को सदानीरा बनानते है लेकिन ज्यादा



योगदान वहां का है जहां वन क्षेत्र लगा हुआ है। वनो से निकले नाले नदी में मिलकर उसको सदा नीरा बनाते है। हलांकि कुछ लोग कहते हे की स्टापडेम ठीक नही है नदी का पा्रकृतिक रूप से बहना भले धार कम हो लेकिन शुद्वता ज्यादा थी अब व नही है। 2014 में स्टापडेम वना था तब भी धार चलती थी। आज 5 से 7 किलोमीटर में पानी ठहरा है वह स्टाप डेम की बदौलत है। शाहपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच महेन्द्र कुमार दीक्षित ने कहा की स्टापडेम से जल स्तर गर्मी में बढ़ा है लेकिन नदी में इहरा पानी की बजह से साफ सुधरा नही है घास जम रही है। स्टापडेम बने या घााट लेकिन सफाई का प्रबंधन अवश्य होना चाहिये। पंचायत मित्र जल संरचनाओ की जानकारी एकत्र कर रहे है। पंचायते अपने जीपीडीपी में डाल सके उसके रखरखाव पर काम कर सके।

### खबर संक्षेप

## पेड़ है तो जल है और जल है तो कल है-ज्ञानेंद्र सिंह



**सिगरौली ।** जिस तरीके से दिन प्रतिदिन प्रचंड गर्मी का प्रकोप बढ़ते चला जा रहा है वह दिन दूर नहीं जब पारा 50 को पार कर 55 तक पहुंच जाए ।लेकिन हम अपनी भौतिकवादी आवश्यकताओं के कारण हम आए दिन न जाने कितने पेड़ पौधों की बलि दे रहे हैं । जिसका हमें अंदाजा नहीं यही कारण है , कि आए दिन भीषण गर्मी का प्रकोप का सामना हमको करना पड़ रहा है आज जिस तरीके से भोपाल में महिलाओं ने पेड़ों से चिपक कर विरोध किया । कहीं ना कहीं पेड़ों को बचाने के लिए हमें भी इनका साथ देना चाहिए, क्योंकि हमको पता है ऑक्सीजन हमको पेड़ से ही मिलना है ना कि एयर कंडीशनर से एयर कंडीशनर से हमें आर्टिफिशियल हवा मिलती है जो की राहत तो देती है लेकिन सुकून नहीं । हां यह भी बात सही है कि विकास होना चाहिए लेकिन विकास की कीमत पेड़ों और जंगलों की बली नहीं होनी चाहिए। 27000 पेड़ों को एक साथ काटना यह कहीं ना कहीं बहुत ही भयावह स्थिति पैदा करेगा। जिसके कारण वहां का आसपास का टेंपरेचर से लेकर प्रदूषण का स्तर भी बढ़ जाएगा। इस पर सरकार को विचार करना चाहिए, तथा इसका अल्टरनेट समाधान ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए। क्योंकि जंगल है तो जल है और जल है तो कल है।

## सिलेण्डर का पाइप फटने से लगी आग, जल गई गृहस्थी



**बक्स्वाहा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैड़ारा में रहने वाली एक विधवा महिला के घर मंगलवार को उस वक्त आग लग गई जब उसकी गैस सिलेण्डर की रबर फट गई थी। आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका, मगर जब तक आग बुझती तब तक विधवा की गृहस्थी जल चुकी थी। जानकारी के मुताबिक सैड़ारा निवासी आशाबाई लोधी अपने घर में सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन करा रही थीं। पाठ के बाद भोजन प्रसाद लगाना था। यही भोजन प्रसाद बनाने के दौरान गैस सिलेण्डर की रबर फट गई जिससे गैस का तीव्र बहाव शुरू हो गया। देखते ही देखते सिलेण्डर से निकल रही गैस आग में बदल गई परिणामस्वरूप आग पूरे घर में फैल गयी। आनन-फानन में आसपास के लोग दौड़कर आए और आग बुझायी लेकिन जब तक आग बुझती तब तक 80 हजार रूपए नगद सहित गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया।

## 20 लोगों की आंखें फिर होंगी रोशन



**छतरपुर।** नगर के सिद्धपीठ सरानी दरवाजा बाहर स्थित माँ महालक्ष्मी मंदिर में बुधवार को नगर अग्रवाल समाज और अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा बुंदेलखंड परिवार के वरिष्ठ समाजसेवी जयनारायण अग्रवाल के सहयोग से उनकी पत्नी गायत्री देवी अग्रवाल की स्मृति में लगाए गए निःशुल्क नेत्र शिविर में 120 मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा इनमें से 20 लोगों को मोतियाबिंद पाए जाने पर लेंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट रवाना किया गया। जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डॉ अरविंद मिश्रा, डॉ प्रदीप मिश्रा, ओमकार यादव, मनीष यादव और विजय पांडे की टीम ने नेत्र रोग से पीड़ित 120 मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सलाह दी तथा चश्मा और दवा भी वितरित की। जांच में 20 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद आ जाने से उन्हें अपने वाहन से निशुल्क ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट ले जाया गया।

### महाराजपुर तहसीलदार ने आंगनबाड़ी भवन का किया निरीक्षण

# पटवारी और सचिव को भवन खाली कराने के निर्देश

महाराजपुर तहसीलदार अनिल तलैया ने मीडिया में प्रकाशित समाचार "लुगासी के भैरोगंज गांव में घटिया निर्माण के चलते आंगनबाड़ी भवन खंडहर, अब ग्रामीणों का कब्जा" को संज्ञान में लेकर लुगासी पहुंचकर आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया।



**नौगांव।**

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने आरआई, पटवारी और सचिव को निर्देशित करते हुए भवन को ख़ाली कराने के निर्देश दिए।

लुगासी के भैरोगंज गांव में घटिया निर्माण के चलते आंगनबाड़ी भवन खंडहर, अब ग्रामीणों का कब्जा" को संज्ञान में लेकर लुगासी पहुंचकर आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने आरआई, पटवारी और सचिव को निर्देशित करते हुए भवन को ख़ाली कराने के निर्देश दिए। नौगांव जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुगासी के भैरोगंज गांव में लाखों रुपए की लागत से निर्मित आंगनवाड़ी भवन का गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य होने से भवन खंडहर होकर उपयोगविहीन हो गया है।जिसके चलते केंद्र प्राइवेट भवन में संचालित हो रहा है। इतना ही नहीं आंगनवाड़ी केंद्र में दबंगों ने कब्जा कर भूसा आदि सामग्री भंडारित की है। ग्राम पंचायत लुगासी के भैरोगंज गांव में बीआरजीएफ योजना के तहत सन 2013 - 2014 में 5 लाख की लागत से आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य कराया गया था। निर्माण के दौरान अधिकारियों ने गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जिसके चलते आंगनवाड़ी केंद्र का भवन निर्माण के कुछ ही वर्षों में जर्जर होकर उपयोगविहीन हो गया। जिसके चलते पिछले कुछ समय से महिला बाल विकास विभाग ने आंगनवाड़ी केंद्र को इस भवन से स्थानांतरित कर किराए के भवन में शिफ्ट कर लिया। भवन खाली पड़ा होने से खंडहर होता जा रहा है तो वहीं किराए के भवन में आंगनवाड़ी केंद्र संचालित होने से पुराने पड़े 5 लाख से निर्मित भवन में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा जमने के साथ ही गांव के दबंग लोगों ने भवन पर कब्जा कर लिया। जिसके चलते भवन में दबंगों ने भूसा आदि खेती किसानी की सामग्री भंडारित कर कब्जा जमा लिया है। भैरवगंज में आंगनबाड़ी केंद्र की यह हालत है कि जब से भवन बना है तभी से गुणवत्ताहीन निर्माण होने की शिकायतें आ रही हैं, जिसमे चलते भवन में पानी लीकेज की समस्या की स्थिति बनी हुई थी, इसी पानी लीकेज की समस्या के चलते भवन की छत जर्जर होकर खंडहर हो रही थी, लेकिन महिला बाल विकास विभाग के अलावा संबंधित अधिकारियों ने भवन निर्माण करने वाली एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करने की पत्र व्यवहार नहीं किया।जिसके चलते भवन जर्जर होकर गिरने की कगार कर पहुंच गया है और अब आंगनबाड़ी केंद्र की यह हालत है कि मजबूरी में किराए के प्राइवेट मकान संचालित करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका हल्की बाई पटेल उनका का कहना है कि कई बार महाराजपुर जाकर लिखित में आवेदन दिया है कि इस बिल्डिंग को ठीक कराया जाए, लेकिन आज तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के समय अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।मामले में महिला बाल बाल विकास अधिकारी महाराजपुर नेहा जैन का कहना है कि आंगनवाड़ी केंद्र का भवन जर्जर हालत में है, इसके चलते केंद्र किराए के भवन में संचालित हो रहा है, नए भवन के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा है। पुराने भवन में कब्जा के बारे में मुझे जानकारी नहीं है।

गांव में घटिया निर्माण के चलते आंगनबाड़ी भवन खंडहर, अब ग्रामीणों का कब्जा" समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। भास्कर में प्रकाशित समाचार को संज्ञान में लेते हुए महाराजपुर तहसीलदार अनिल तलैया ने आर आई मोहनलाल प्यासी, हल्का पटवारी चंद्रशेखर अवस्थी, ग्राम पंचायत लुगासी सचिव खेमचंद अनुरागी के साथ भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अनिल तलैया ने भवन के बाहरी एवं बाउंड्री परिसर के अंदर भूसा का भंडारण पाया। साथ ही मौके कर आंगनबाड़ी सहायिका को भी बुलाया लेकिन आंगनवाड़ी सहायिका बैठक में होने के चलते मौके पर नहीं पहुंच सकी। साथ ही भवन की चाबी भी सहायिका के पास होने से तहसीलदार भवन में भीतर परिसर का निरीक्षण नहीं कर सके। जिस पर तहसीलदार ने पटवारी मोहलाल प्यासी, पटवारी चंद्रशेखर अवस्थी सहित सचिव खेमचंद्र अनुरागी को भवन खाली कराने के निर्देश दिए।

## पानी प्लांट: चौकीदारों पर हमला

### बिना अनुमति पानी देने से मना करने पर चार लोगों ने की मारपीट

**छतरपुर।**



थाना गढ़ीमलहरा क्षेत्र के ग्राम खौंप में नगर पालिका छतरपुर के पानी प्लांट पर चौकीदारी करने वाले दो लोगों पर रात के समय चार लोगों ने हमला कर दिया जिससे दोनों चौकीदारों के सिर एवं शरीर में गंभीर चोटें आयी हैं। घायलों को उनके परिजन प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल लाए जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार घायल पुष्पेन्द्र सिंह पिता प्रतिपाल सिंह 50 वर्ष ने बताया कि वह एवं उसका साथी गिरन सिंह परिहार पिता उत्तम सिंह 68 वर्ष छतरपुर नगर पालिका के पानी प्लांट पर प्राइवेट रूप से चौकीदारी का कार्य करते हैं। बीती रात दोनों पानी प्लांट पर सो रहे थे तभी महेन्द्र राय, अनिल राय सहित दो अन्य लोग आए और मोटर चलाने को लेकर विवाद करने लगे। जब उन्हें मना किया तो चारों ने मिलकर पुष्पेन्द्र एवं गिरन पर लाठियों से हमला कर दिया। आरोपी दोनों चौकीदारों को तब तक पीटते रहे जब तक दोनों बेहोश नहीं हो गए। इसके बाद चारों आरोपी मौके से भाग गए। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल लाए जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## सड़क किनारे बन रहे टैंक पर तहसीलदार ने किया स्थगन आदेश जारी

**नौगांव।**



शहर के वीरेंद्र कॉलोनी चौराहे के पास चल रहे भवन निर्माण कार्य में सड़क किनारे शासकीय भूमि पर बन रहे टैंक पर तहसीलदार ने स्थगन आदेश जारी किया है। शिकायत पर नौगांव तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी ने स्थगन आदेश जारी करते हुए 18 जून को मामले की अगली सुनवाई की तारीख नियत की है।

जानकारी के मुताबिक वीरेंद्र कॉलोनी निवासी रविंद्र खरे ने वीरेंद्र कॉलोनी चौराहे के पास उदयकांत खरे के द्वारा भवन निर्माण के दौरान सड़क किनारे शासकीय भूमि पर टैंक निर्माण करने की शिकायत दर्ज कराई थी, रविंद्र खरे की शिकायत पर तहसीलदार संदीप कुमार तिवारी ने हल्का पटवारी की जांच रिपोर्ट पर अंतरिम स्थगन आदेश जारी किया है। तहसीलदार तिवारी ने स्थगन आदेश जारी करते हुए आदेश में लिखा कि आवेदक रविंद्र खरे की शिकायत पर हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन लिया गया। हल्का पटवारी के जांच प्रतिवेदन में पटवारी ने पाया कि अनावेदक के द्वारा शासकीय भूमि पर सड़क किनारे टैंक का निर्माण किया जा रहा है। पटवारी जांच प्रतिवेदन के आधार पर निर्माण कार्य कर रोक लगाते हुए अंतरिम स्थगन आदेश जारी किया है, साथ ही मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 जून नियत की है, जिसमें आवेदन और अनावेदक को सुना जाएगा, जिसके बाद ही कुछ निर्णय हो सकेगा।

## विश्व हिन्दू परिषद ने फूंका इस्लामिक आतंकवाद का पुतला

### छत्रसाल चौक पर किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**छतरपुर।**



हाल ही में जम्मू कश्मीर में वैष्णव देवी के कटरा से शिवखोड़ी जा रहे हिन्दू श्रद्धालुओं के ऊपर आतंकवादियों ने ताबड़तोड़ हमला किया था। इस हमले में 10 लोगों की मृत्यु हुई थी। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल सहित पूरा देश इस घटना से आक्रोशित है। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जिहादी आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग का ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि सरकार ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं करती तो फिर बजरंगदल को मजबूरन इनका उपाय करना होगा। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से छत्रसाल चौक पर इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। बजरंग दल के सूरज बुन्देला ने कहा कि हिन्दू तीर्थयात्रियों को निशाना बनाने से संपूर्ण देशवासी स्तब्ध हैं। इस क्रूरतम कृत्य से पूरा देश आक्रोशित है। धारा 370 हटने से जम्मू कश्मीर में एक आशा की ज्योति जगी है लेकिन अभी भी लगता है उग्रवादियों के मनोबल को पूरी तरह से कुचलने की जरूरत है। देश में नई सरकार के शपथ के समय हुई इस घटना को गंभीरता से लेकर इन आतंकियों को घर में घुसकर मारने की व्यवस्था की जानी चाहिए। बजरंग दल के मंत्री रामगोपाल यादव ने कहा कि यदि सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता तो बजरंग दल स्वयं इस दिशा में कोई कार्यवाही करेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जमीनी रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट

**महाराजपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम ऊजरा में जमीनी रंजिश के कारण एक युवक के साथ मारपीट कर दी गई। पीड़ित ने थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित मनोज अहिरवार ने पुलिस को बताया कि वह अपनी जमीन पर मकान बना रहा था तभी गांव के ठाकुर दास कुशवाहा, रामकुमार कुशवाहा, विजय कुशवाहा ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। मारपीट की वजह वही जमीन है जिस पर वह घर बना रहा है। पीड़ित का कहना है कि पिछले 20 वर्ष से उसका उस जमीन पर कब्जा है लेकिन दबंग डण्डे के बल पर जमीन छीनना चाहते हैं। पुलिस ने आईपीसी की धारा 294, 323, 506,34 एवं एससीएसटी एक्ट के तहत मामला कायम कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी सरकारी जमीन पर कब्जा कर लोगों को गुमराह करते हुए प्लाट बेच रहे हैं।

## अपराधों पर असफल रहने वाले थाना प्रभारी पुरस्कृत

### मिला मोरवा थाने का प्रभार

**सिगरौली।**



माड़ा थाने में पदस्थापना के दौरान जो कभी किसी आपराधिक मामलो पर अंकुश नहीं लगा सके आपराधिक गतिविधियों को रोकने में असफल रहे, जिसके कारण इन्हें माड़ा थाने से हटाया गया,सदैव विवादों के घेरे में रहने वाले थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी को हाल ही में पुरस्कृत कर मोरवा थाने का प्रभार सौंपा गया है, कैसे संभालेंगे मोरवा थाना क्योंकि यहां तो और भी बड़े बड़े कोल माफिया, बालू माफिया, कबाड़ चोरी, हिरोईन चरस, गांजा, अफीम सहित कई गोरख धंधे का बजार जोरों पर है।आम जनमानस में चर्चा का विषय तो यह भी है की जब कई महीनों से निगाही अमलोरी में डी बी एल सहित अन्य ओबी कंपनियों में मजदूरों व विस्थापितों द्वारा किए गए आंदोलन में भी कोई समझौता न करा पाने में असफल रहे,कंपनी प्रबंधन पे खिलाफ़ कार्यवाही करने के बजाय अपने हक के लिए लड़ रहे मजदूरों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हे फर्जी तरीके से फंसाया गया,वहीं न तो इनके कार्यकाल में नवानगर थाना अंतर्गत चल रहे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश भी नहीं लग पाया। क्या राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है इन महाशय को, या फिर पैसे का रूतबा सर चढ़ कर बोल रहा है।ऐसे में चिंतनीय विषय यह है की जब थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली पर इस तरह सवाल उठ रहे हैं,अपने कार्यों में लगातार असफल होते हुए इस थाने से उस थाने हटाए जा रहे हैं तो थाना अंतर्गत निवासी कैसे रहेंगे सुरक्षित..? जल्द ही इनके और कई कारनामें होंगे उजागर।

## सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन



**सिगरौली।** श्री शिव शक्ति पंचदेव मन्दिर वैढन में सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन कराया गया जिसमें राकेश चंद्र पाण्डेय,दैनिक देशबन्धु ब्यूरो चीफ़ रुपेश चंद्र पाण्डेय,ज़िला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी गुंजारी लाल तिवारी,वरिष्ठ कांग्रेसी राम बाबू सिंह,विमल दूबे,अटल देव पाण्डेय,रवींद्र कुमार चौबे,रुद्रशंकर चौबे,अमित शर्मा,रामकेश शर्मा गायकअशोक पाण्डेय सिंगर एवं उनकी समस्त टीम व डी,बी,एल,समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्री मानसून की दस्तक आज, 22 जून से मानसून होगा सक्रिय

### हवा के साथ कहीं हल्की बारिश तो कहीं बूंदाबांदी के आसार



**छतरपुर।** बुन्देलखण्ड के इस क्षेत्र में प्री मानसून के गुरूवार से आने के संकेत मिले हैं लेकिन तेज हवा के कारण कहीं हल्की बारिश तो कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना जताई गई है। मानसून ने छत्तीसगढ़ में दस्तक दी है। उम्मीद है कि 20 से 22 जून तक बुन्देलखण्ड में सक्रिय होगा। इस वर्ष सामान्य वर्षा होने के संकेत मिल रहे हैं।

मौसम विभाग के आरएस परिहार ने बताया कि बादलों की लुकाछिपी के बावजूद रात और दिन के तापमान में करीब 12 डिग्री का अंतर दिखाई दे रहा है। रात का तापमान 32 डिग्री तो दिन का तापमान करीब 45 डिग्री दर्ज किया गया है। श्री परिहार के मुताबिक दो दिन बाद आंधी, पानी की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्री मानसून के 13 जून से सक्रिय होने की संभावना है और 20 से 22 जून के बीच मानसून के आने की संभावना है। मौसम विभाग का मानना है कि गरज, चमक के साथ हल्की बारिश होगी। या यूं कहें कि खण्ड बारिश भी हो सकती है। वर्तमान में इंदौर क्षेत्र में प्री मानसून की बारिश का दौर चल रहा है। यदि पूर्वी हवा चली तो प्री मानसून छतरपुर की ओर मूव कर जाएगा।

### 22 जून से आद्रा, सामान्य बारिश के आसार

ज्योतिष के जानकार पं. हरिओम नायक बताते हैं कि आद्रा की शुरूआत 22 जून से हो रही है। आद्रा के शुरू होते ही बारिश होती है। किसान आद्रा से ही बुवाई का काम शुरू करते हैं। श्री नायक के मुताबिक इस वर्ष ज्योतिष के अनुसार सामान्य बारिश का योग है। उन्होंने बताया कि आद्रा से 10 नक्षत्रों तक बारिश होती है। किस नक्षत्र में कितनी बारिश होगी यह आंकड़े अभी स्पष्ट नहीं हो रहे हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान: कलेक्टर ने किया ग्राम पंचायत मटियरा के तालाब में श्रमदान

मऊगंज




जल संरक्षण जल संवर्धन तथा प्राचीन जल स्रोतों की साफ सफाई के लिए जिले भर में 5 जून से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों की जन भागीदारी से साफ सफाई कराई जा रही है इसी क्रम में ग्राम पंचायत मटियरा में तालाब की साफ सफाई एवं गहरी करण के कार्य में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा श्रमदान किया गया साथ में ग्राम पंचायत की सरपंच पंचगणो तथा आम जनता ने भी जल संरक्षण और संवर्धन के इस कार्य में सहयोग किया इसी क्रम में लोगों को अभियान में जोड़ने के लिए कलेक्टर श्रीवास्तव ने कहा कि की जल गंगा संवर्धन अभियान है उसके अंतर्गत मटियरा गांव में आया हूं और मुझे बहुत खुशी है कि यहां एक अच्छा तालाब है और बड़ी संख्या में लोग यहां एकत्रित हैं और जन सहयोग से इसका गहरीकरण का कार्य चल रहा है मैं भी यहां अपना श्रमदान किया है और लोगों से मैं अपेक्षा की है कि सब लोग इसमें श्रमदान करके जो भी जिसके पास मशीनरी है तो उसका इस्तेमाल करें और मैं हम राजस्व अधिकारियों को आदेश दियाहै कि इसका सीमांकन कर दें तालाब का और सीमांकन करने के बाद जो उसकी मिट्टी निकाल रही है उसे भीट का निर्माण करें और भीट का निर्माण करके उसे इतना चौड़ा बनाएं की लोगों को के आवागमन का रास्ता भी बन जाए इस तरह इसका इस्तेमाल हम सब कर सके साथ में भीट के साथ-साथ पूरा वृक्षारोपण का भी कार्य तैयार कर लें गड्ढे करले और जैसे ही बारिश हो जाए वहां पौधे लगाए और पौधे भी मेरा निवेदन है कि ढाई से 3 फीट के साइज के लगाये। छोटे पौधे ना लगे क्योंकि मरने की उम्मीद उसकी ज्यादा होती है बड़े पौधे लगाए ढाई से 3 फीट की जिससे जीवित रहने की उम्मीद ज्यादा रहे और जितने पौधे लगाए एक-एक की सुरक्षा का भी इंतजाम करें पौधे लगाकर छोड़ दिया कुछ कोई पशु आया जो खा लिया तो बेकार हो जाएगा और अपने घर-घर में भी वृक्षारोपण करें और सभी को मैं शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि बहुत अच्छे परिणाम इसके आएंगे अगले साल हम फिर आएंगे और यहां लबालब पानी रहेगा कार्यक्रम में एसडीएम बीके पांडे जनपद पंचायत के जनपद पंचायत मऊगंज के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित ग्राम पंचायत मटियरा की सरपंच पार्वती द्विवेदी वेंकटेश द्विवेदी बृजेंद्र द्विवेदी अंबरीश द्विवेदी रमाकांत चौबे दिवाकर द्विवेदी सहित सचिव राजेंद्र मिश्रा रोजगार सहायक राजीव चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे1

# हनुमना में करोड़ों रुपए की लागत से बन रही सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट




**मऊगंज।** जिले मे बन रही सड़के ठेकेदारों एवं अधिकारियों की सांठगांठ से भारी भ्रष्टाचार हो रहा है।भले ही सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए बड़े-बड़े वादे किए जाते हो, लेकिन धरातल पर सरकार के जिम्मेदार आला अफसर व ठेकेदार मिलीभगत कर सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा हर व्यक्ति के लिए अति आवश्यक है। इन सभी में सरकार करोड़ों रुपए खर्च भी कर रही है मगर जब हम बात करें इन कार्यों के निर्वहन करने वाले लोगों की सुविधाओं की कोई चिंता नहीं है। ऐसा ही नजारा जिले के हनुमना जनपद के पूर्वी क्षेत्र में करोड़ों रुपए लागत की बन रही सड़क निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ रहा है। जहां निर्माण एजेंसी और ठेकेदार के बीच मिलीभगत हो जाए वहां निर्माण कार्य का भगवान ही मालिक है। संबंधित अधिकारियों पर मामले में लापरवाही बरतने के आरोप लग रहे। अब जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों में गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को लेकर काफी आक्रोश देखने को मिल रहा। अल्हवा बंजारी एंव नाउन से कजरा गांव में बन रही करोड़ों रुपए की सड़क निर्माण में हो रहा भ्रष्टाचार वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के सड़क निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार को मऊगंज जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का खुला संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण ठेकेदार का हौसला बुलंद है और मनमानी तरीके से गुणवत्तविहीन कार्य कर रहा है जिसका खामियाजा यहां से गुजर रहे लोगो को भुगतना पड़ेगा।

**हनुमना में युवा समाजसेवियों के द्वारा कार्यवाही की मांग:** हनुमना में अल्हवा बंजारी नाउन से कजरा गांव में बन रहे सड़क निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर युवा समाजसेवी आनंद मिश्रा, दीपक सिंह गहरवार, टिंकल गुप्ता,सरोज गुप्ता, प्रमोद कुमार वर्मा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, बब्बू शुक्ला,अंजनी कुमार पांडे, गौरी शंकर पांडे, आशीष कुमार, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार पांडे, सुखराम केवट, पिंटू यादव आदि लोगों ने कमिश्नर एवं जिला कलेक्टर कार्यालय मऊगंज से आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ की बैठक तय

**रीवा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगो को लेकर 21 जून 2024 को नीलम पार्क भोपाल में सभी जिलों के कर्मचारी एकत्रित होकर आंदोलन संवाद एवं ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन को सौंपेंगे। के.सी. त्रिपाठी ने बताया कि उक्त तारतम्य में संभागीय जिला कार्यकारिणी ब्लॉक तहसील एवं विभागीय समिति के पदाधिकारियो/कर्मचारियों की अहम बैठक दिनांक 14 जून 2024 को दोपहर 1:30 बजे संघ कार्यालय साईं मंदिर के बगल रीवा में आयोजित हो रही है। उक्त बैठक में सभी कर्मचारियों को शामिल होने की अपील की गई है।

## नगर निगम की टीम एवं नागरिकों द्वारा रानी तालाब में किया गया श्रमदान एवं वृक्षारोपण



**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जल स्त्रोत संरक्षण एवं पुनर्जीवन अभियान के तहत रानीतालाब में नगर निगम की आईईसी टीम एवं नागरिको द्वारा जल स्त्रोत की साफ सफाई हेतु श्रमदान किया गया। नगर निगम की टीम एवं रहवासियो द्वारा जल स्त्रोत की साफ़ सफाई के साथ ही वृक्षारोपण का कार्य किया गया। शासन के निर्देश पर नगर निगम रीवा द्वारा 5 जून से 16 जून तक चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत वृक्षो के रोपण का संकल्प लिया गया है इस संकल्प को पूर्ण करने के उददेश्य से टीम द्वारा रानीतालाब में प्रतीकात्मक रूप से पांच पौधों का रोपण किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत टीम ने अब तक कई छोटे-बड़े तालाबों एवं बावड़ी की साफ़ सफाई श्रमदान के माध्यम किया गया है साथ ही वृक्षारोपण का कार्य भी तत्परता के साथ किया जा रहा है एवं आगामी वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प भी लिया गया। शहरवासियों से अपील की गई है कि जल स्त्रोत की साफ़ सफाई के साथ ही वृक्षारोपण अवश्य करें। श्रमदान के अभियान में आईईसी टीम, वॉर्ड दरोगा एवं रहवासी उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त महानिरीक्षक ने किया केन्द्रीय जेल रीवा का निरीक्षण

**रीवा।** जेल विभाग के अतिरिक्त महानिरीक्षक जी अखेतो सेमा ने गत दिवस केन्द्रीय जेल रीवा का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल के विभिन्न बैरकों का भ्रमण कर बंदियों से जेल की भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई, उपचार सुविधा तथा सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली। श्री सेमा ने महिला वार्ड का भ्रमण कर महिला बंदियों से संवाद किया। उन्होंने जेल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थापित सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम तथा इलेक्ट्रिक वायर फेंसिंग की जानकारी ली। उन्होंने जेल में बंदियों की अधिक संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बैरकों के निर्माण के निर्देश दिए। अतिरिक्त महानिरीक्षक ने जेल में आपात स्थिति से निपटने के लिए किए गए प्रबंधों, अग्नि दुर्घटना रोकने के उपायों तथा सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने पुलिस महानिदेशक को जेल में बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, भोजन व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर जेल उप अधीक्षक संजीव कुमार गेदले, योगेन्द्र परमार तथा श्याम सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे।




## जीवन रक्षा पदक तथा पुरस्कार के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**रीवा।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा भारतीय नागरिकों को जीवन रक्षा पदक तथा पुरस्कार प्रदान किया जाता है। जीवन रक्षा पदक पानी में डूबने, आग से जलने, बिजली करंट, भूस्खलन, वन्य जीवों के हमले से बचाव तथा खदानों में राहत और बचाव कार्य करने पर दिया जाता है। जिला स्तर पर जीवन रक्षा पुरस्कारों के लिए युवक-युवतियों के नामांकन ऑनलाइन दर्ज किए जाएंगे। गृह विभाग के पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट पद्मअवार्ड्स डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर जीवन रक्षा पदक तथा पुरस्कार के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला स्तर से आवेदन पत्र 9 जुलाई 2024 तक दर्ज किए जाएंगे। इसके बाद अनुसंशा के साथ आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 निर्धारित की गई है।

## मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का कमिश्नर और आईजी ने लिया जायजा



रीवा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 13 जून को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री रीवा में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री लक्ष्मण बाग मंदिर परिसर बावड़ी की साफ-सफाई तथा बिछिया नदी के घाटी के साफ-सफाई में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव मंदिर परिसर में आयोजित जनसंवाद सभा में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव भोपाल से शासकीय वायुयान से एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री एयरपोर्ट रीवा से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर पुलिस परेड मैदान रीवा पहुंचेंगे। यहाँ से मुख्यमंत्री डॉ यादव मुख्य कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड तथा पुलिस महानिरीक्षक एमएस सिकरवार ने मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। कमिश्नर श्री डाड तथा आईजी श्री सिकरवार ने एयरपोर्ट, पुलिस परेड मैदान तथा मुख्य कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल, साफ-सफाई, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर तथा विवेक लाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### हमीदिया कैथ लैब शिफ्टिंग कार्य में विलंब पर व्यक्त किया रोष

# मंत्रिपरिषद से स्वीकृत पदों पर शीघ्र भर्ती के लिए औपचारिकताएं करें पूर्ण: उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने विगत दिवस मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदित 46 हज़ार 491 विभागीय पदों पदों और 607 विशेषज्ञ चिकित्सकीय पदों की पूर्ति के लिए समस्त औपचारिकताएँ प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। हमीदिया कैथ लैब शिफ्टिंग में हो रहे विलंब पर उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रोष व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कैथ लैब का कार्य क्रिटिकल स्वास्थ्य सेवा प्रदाय से संबंधित है। इस कार्य में लापरवाही, प्रशासनिक उदासीनता अस्वीकार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि एक माह के अंदर कैथ लैब शिफ्टिंग की कार्यवाही पूर्ण करें। उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता से तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कैथ लैब शिफ्टिंग कार्य की नियमित समीक्षा की जाएगी और अनावश्यक विलंब पर ज़िम्मेदारी तय की जाएगी। उपकरण, मैनपॉवर की उपलब्धता समय से सुनिश्चित की जाये - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश में स्वीकृत भवन-विहीन एक हज़ार 770 स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा की। इनमें उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि के निर्माण कार्य शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि अधोसंरचना विकास के साथ उपकरण, मैनपॉवर आदि की उपलब्धता भी समय से सुनिश्चित की जाये ताकि शीघ्र स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय प्रारंभ हो सके। उप मुख्यमंत्री ने रीवा और शहडोल संभाग में स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं के उन्नयन और रीवा के पुनर्घनत्वीकरण कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री विवेक पोरवाल, डीन जीएमसी भोपाल डॉ कविता सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी पीआईयू, पुलिस हाउसिंग बोर्ड, एमपीबीडीसी, हाउसिंग बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्री रामदर्शन मिश्रा “राही” के निधन पर व्यक्त किया शोक

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र के प्रख्यात कवि, प्राणालोक पत्रिका के संस्थापक, सीधी जिले के भंवरसेन में महाकवि बाणभट्ट समारोह के संरक्षक एवं रीवा वि.वि. के पूर्व उप कुलपति श्री रामदर्शन मिश्रा “राही” जी के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह साहित्य एवं शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उप मुख्यमंत्री ने राही जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है एवं ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति हेतु कामना की है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब सफाई की गई



**रीवा।** मध्य प्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई की टमस ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊँचाडीह में खोखला तालाब में घाट की साफ सफाई की गई तथा ग्रामवासियो को नदी नाले कुएँ एवं हैडपम्प के आस पास साफ सफाई रखने,जल के स्त्रोत बचाये रखने एवं वृक्षारोपण, पर्यावरण को शुद्ध बनाये रखने एवं जल के आवश्यक उपयोग की शपथ ली गई। कार्यक्रम मे जल निगम से प्रबंधक (जनसभागिता ) डॉ नन्द किशोर पचौरी, आंनद दुवे, आकाश सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर तथा स्टॉफएवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला आज: विभिन्न कंपनियां करेंगी युवाओं का चयन

**रीवा।** मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये जिला रोजगार कार्यालय एवं आईटीआई द्वारा संयुक्त रूप से 13 जून को रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई रीवा में किया जा रहा है। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में डिक्सॉन टेक्नोलॉजी प्रा.लि. नोएडा द्वारा तथा एमआरएफ टायर्स भरूच गुजरात द्वारा की कंपनियों द्वारा युवाओं का विभिन्न पदों के लिए चयन किया जाएगा। उप संचालक ने बताया कि आईसेक्ट (ग्रेट गेलियन वेन्चर्स लि., हेटिच इंडिया प्रा.लि. पीथमपुर, शक्ति पम्प इंडिया लि. पीथमपुर, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा.लि. इंदौर, सिगनेट इंड्रस्ट्रीज लि. पीथमपुर, एर्डोइट इंड्रस्ट्रीज इंडिया लि. पीथमपुर, पेरमली बिलेस प्रा.लि. भोपाल), एल एण्ड टी कान्स्ट्रक्सन स्किल्स अहमदाबाद गुजरात, रिलायंस लाइफ इंश्योरेन्स रीवा एवं प्रगतिशील बायोटेक रीवा द्वारा भी युवाओं का विभिन्न पदों के लिए चयन किया जायेगा। इच्छुक बेरोजगार युवा 13 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल होने वाली कंपनियों द्वारा युवाओं का विभिन्न पदों में चयन करने के लिए आयु, शैक्षणिक योग्यता तथा वेतनमान अलग-अलग निर्धारित किया गया है। युवक अपने साथ अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं पासपोर्ट साइज दो फोटो लेकर आयें।

## मुख्यमंत्री के दौरे की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारी तैनात

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 13 जून को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री रीवा नगर निगम क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे जल संवर्धन तथा संरक्षण के कार्यों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री लक्ष्मण बाग परिसर में आयोजित जनसंवाद सभा में आमजनों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव के दौरे की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को तैनात किया गया है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि दौरे की समस्त व्यवस्थाओं, कानून व्यवस्था, रीवा एयरपोर्ट तथा हेलीपैड में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी को दी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर कानून और व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा वाहनों की पार्किंग की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। डॉ सोनवणे ने बताया कि एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तथा नायब तहसीलदार हुजूर यतीश शुक्ला को मुख्यमंत्री के दौरे से संबंधित आदेश जारी करने, मुख्य कार्यक्रम स्थल में मंच व्यवस्था, सर्किट हाउस में व्यवस्थाएं तथा लोकार्पण एवं शिलान्यास के संबंध में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। एयरपोर्ट चोरहटा में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय को तैनात किया गया है। चोरहटा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के आगमन से मुख्य कार्यक्रम स्थल तक की व्यवस्थाओं के लिए संयुक्त कलेक्टर पीएस त्रिपाठी को तैनात किया गया है। लक्ष्मण बाग में संपूर्ण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी एसडीएम त्योंथर संजय जैन को सौंपी गई है। डॉ सोनवणे ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों से जुड़ी समस्त व्यवस्थाएं जिला प्रबंधक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक संभालेंगे। रीवा एयरपोर्ट, हेलीपैड तथा मुख्य कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा दल, एंबुलेंस आदि की व्यवस्थाओं के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तैनात किया गया है। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, बैरिकेटिंग तथा ग्रीन रूम की व्यवस्था कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण करेंगे। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल को मुख्य कार्यक्रम स्थल से कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम स्थल में पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा महाप्रबंधक जल निगम को तैनात किया गया है। इसी तरह कार्यक्रम स्थल पर विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, साज-सज्जा, पार्किंग व्यवस्था, कन्या पूजन, मंच संचालन तथा दौरे से जुड़े अन्य कार्य के लिए संबंधित अधिकारी तैनात किए गए हैं।

## आरोपी की गिरफ्तारी पर 20 हजार का ईनाम घोषित

**रीवा।** पुलिस उप महानिरीक्षक साकेत प्रकाश पाण्डेय ने फरार आरोपी आदर्श पाण्डेय आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम दुआरी की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। यह ईनाम पुलिस रेग्युलेशन एक्ट के प्रावधानों के तहत घोषित किया गया है। आरोपी आदर्श पाण्डेय द्वारा अवैध अस्त्र-शस्त्र रखने तथा हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त है। वह घटना दिनांक से ही लगातार फरार है। उसे बंदी बनाने अथवा बंदी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को ईनाम दिया जाएगा। ईनाम के संबंध में उप पुलिस महानिरीक्षक का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

## पोलियो दिवस 23 जून को नौनिहालों को दो बूँद ज़िंदगी की अवश्य पिलायें- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि हमारा प्रदेश वर्ष 2008 से आज तक पोलियो मुक्त बना हुआ है। उन्होंने सभी नागरिकों और अभिभावकों द्वारा पोलियो से इस लड़ाई में प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त है। लेकिन पोलियो अभी भी पड़ोसी देशों में है और फिर लौट सकता है। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समस्त नागरिकों, अभिभावकों से अपील की है कि अपने नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दे तथा पोलियो दिवस 23 जून को दो बूँद ज़िंदगी की अवश्य दिलायें।

**0 से 5 वर्ष के बच्चों को 23 जून को पिलायी जाएगी पोलियो ड्रॉप**

उल्लेखनीय है कि बच्चों को डबल सुरक्षा देने के उद्देश्य से 23 जून को, प्रदेश के समस्त जिलों में, 0 से 5 वर्ष के बच्चों को, दो बूंद जिन्दगी की, देने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने समस्त नागरिकों से आह्वान किया है कि नौनिहालों को पोलियो की खुराक हर बार दिलाएं तथा पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में योगदान दें।